इलाहाबाद विश्वविद्यालय / UNIVERSITY OF ALLAHABAD
राजभाषा अनुभाग / RAJBHASHA SECTION
कक्ष संख्या 12-13, प्रथम तल, तिलक भवन, सीनेट परिसर, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज, ईमेल rajbhasha.uoa@gmail.com, दूरभाष/मो. नं. 7535990036.

पत्रांक: रा.भा./प.पु.एवं का.गो./2025/453

दिनांक 17 फ़रवरी, 2025

सूचना

विषय : राजभाषा पखवाडा , 2024 का पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम और अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर काव्य गोष्ठी एवं नाट्य मंचन कार्यक्रम विषयक।

एतद्द्वारा सहर्ष सूचित किया जाता हैं कि माननीय कुलपति महोदया के आदेश के अनुपालन में राजभाषा पखवाडा, 2024 का पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम तथा अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर काव्य गोष्ठी एवं नाट्य मंचन कार्यक्रम क्रमशः दिनांक 21 फ़रवरी, 2025 को दोपहर 12:00 बजे एवं नाट्य मंचन 22 फ़रवरी, 2025 को दोपहर 02:00 बजे आयोजित किया जाएगा।

2- राजभाषा पखवाडा, 2024 का परिणाम दिनांक 05 फ़रवरी, 2025 को निर्गत कर दिया गया है, के अनुक्रम में पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र हेतु विजेताओं प्रतिभागियों की उपस्थिति अनिवार्य है, एवं काव्य गोष्ठी के संबंध में अपनी मातृभाषा में रचित मौलिक काव्य रचना की प्रस्तुति हेतु इच्छुक शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी को आमंत्रित किया जाता हैं।

3- काव्य गोष्ठी का आयोजन 21 फ़रवरी, 2025 को दोपहर 12:00 से आयोजित किया जाएगा। इच्छुक शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी से यह अपेक्षा की जाती हैं कि इस संबंध में अपना विस्तृत विवरण यथा नाम, पदनाम, कार्यस्थल, आदि को rajbhasha@allduniv.ac.in को प्रेषित करने का कष्ट करे अथवा व्यक्तिगत रूप से राजभाषा कार्यालय, प्रथम तल, तिलक भवन, सीनेट परिसर, इ.वि.वि. से संपर्क स्थापित करने का कष्ट करें ।

आशीष

(प्रो. आशीष खरे)
कुलसचिव,
इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज ।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित :-

1. अधिष्ठाता कला/ विज्ञान/वाणिज्य/विधि/छात्र कल्याण/महाविद्यालय विकास/शोध एवं विकास, इ.वि.वि.;
2. समस्त विभागाध्यक्ष, इ.वि.वि.;
3. पुस्तकालयाध्यक्ष, इ.वि.वि.;
4. कुल अभियंता, इ.वि.वि.;
5. समस्त संयुक्त कुलसचिव/ उप कुलसचिव/ सहायक कुलसचिव, इ.वि.वि.;
6. कुलानुशासक कार्यालय, इ.वि.वि.;
7. समन्वयक, रा.भा.का.समिति, इ.वि.वि.;
8. कुलसचिव के वैयक्तिक सहायक;
9. कुलपति के सचिव को कुलपति महोदया को सादर सूचनार्थ।

प्रवीण श्रीवास्तव
17.02.2025

(प्रवीण श्रीवास्तव)
हिंदी अधिकारी
इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज।